Series ABCD5/5

SET No. 3

प्रश्न पत्र कोड **29/5/3**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

हिन्दी (ऐच्छिक)

HINDI (Elective)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

1. *इस प्रश्न-पत्र में* ***वर्णनात्मक*** *प्रश्न पूछे गए हैं।*

2. *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***9*** *प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह* ***दो*** *खण्डों* ***'क'*** *और* ***'ख'*** *में विभाजित है।*

3. *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

खण्ड क

(कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : 5

(क) 'शिक्षक दिवस' पर कैसे हुआ शिक्षकों का सम्मान ?

(ख) मेरे बगीचे में सब्जी की फसल।

(ग) खेल में मेरी रुचि।

2. (क) आप सुरेश/शिविका हैं। विद्यालय के बस-चालक के प्रशंसनीय व्यवहार का वर्णन करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

अथवा

(ख) रेलवे के महाप्रबंधक को महिम/महिमा की ओर से अपने यात्रा-प्रसंग में मिले टिकट-निरीक्षक 'कखग' के शालीन व्यवहार की प्रशंसा करते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(क) (i) संवाद किसे कहते हैं ? कहानी में संवादों का महत्त्व क्यों होता है ? कहानी में कैसे संवाद होने चाहिए ? 3

अथवा

(ii) नाटक लेखन में समय-सीमा का क्या महत्त्व है और क्यों ? 3

(ख) (i) नाटक को 'दृश्य काव्य' की संज्ञा क्यों दी जाती है ? 2

अथवा

(ii) कहानी लेखन में 'द्वंद्व' का महत्त्व स्पष्ट कीजिए। कहानी में यह कैसे पैदा होता है ? 2

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(क) (i) पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक पत्रकारिता का महत्त्व काफी बढ़ा है। क्यों ? तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

(ii) पत्र-पत्रिकाओं में खेलों के बारे में लिखने वाले पत्रकारों को किस विषय में जानकारी होनी चाहिए ? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए। 3

(ख) (i) 'लेखन' का क्या आशय है ? अप्रत्याशित विषयों पर लेखन एक चुनौती क्यों है ? 2

अथवा

(ii) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन की क्षमता अधिकांश लोगों में क्यों विकसित नहीं हो पाती ? 2

खण्ड ख

(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) 20

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) निम्नलिखित पंक्तियों में निहित काव्य-सौंदर्य लिखिए :

सखि हे, कि पुछसि अनुभव मोए।

सेह पिरिति अनुराग बखानिअ तिल तिल नूतन होए।।

जनम अबधि हम रूप निहारल नयन न तिरपित भेल।

सेहो मधुर बोल स्रवनहि सूनल स्रुति पथ परस न गेल।।

(ख) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए :

साधु सभाँ गुर प्रभु निकट कहउँ सुथल सति भाउ।

प्रेम प्रपंचु कि झूठ फुर जानहिं मुनि रघुराउ।।

(ग) 'बारहमासा' कविता के आधार पर माघ मास में रानी नागमती की विरह वेदना का वर्णन कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए : 2×1=2

(क) आज के समाज में राम और भरत जैसे भ्रातृ-प्रेम के संबंध में आप अपने विचार लिखिए।

(ख) 'बारहमासा' कविता के आधार पर होली के अवसर पर रानी नागमती की विरह वेदना का वर्णन कीजिए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) 'शेर' लघुकथा में लेखक ने शेर के मुँह में छोटे-छोटे जानवरों के घुसते चले जाने का वर्णन क्यों किया है ?

(ख) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर लिखिए कि लोग प्राकृतिक आपदा के बाद तो घर लौट आते हैं, पर विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को विस्थापित करता है तो वे फिर कभी अपने घर क्यों नहीं लौट पाते ?

(ग) 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर गंगापुत्रों की जीविका और जीवन के बारे में टिप्पणी कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए : 2×1=2

(क) 'दूसरा देवदास' पाठ में वैशाखी के दिन संभव ने क्या निश्चय किया और क्यों ?

(ख) कभी-कभी किसी इलाके की संपदा ही उसके लिए अभिशाप क्यों बन जाती है ? 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में दीजिए : 2×2=4

(क) डियर पार्क में बत्तखों को देख लेखक क्या सोचने लगा ? 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'अपना मालवा–खाऊ–उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के लेखक ने 'ओंकारेश्वर' में नर्मदा नदी के आस–पास क्या–क्या बदलाव देखा ? किन्हीं दो बदलावों का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ का उद्देश्य क्या है ? अपने शब्दों में लिखिए।

